हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 नवंबर 2025

06 गांवों के किसान जुटे रबी फसल गेहूं चना, मसूर...



08 वंदे मातरम् के 150 वर्ष गूंजा देशभक्ति का जोश





## खबर संक्षेप

### रोटरी ग्रेटर ने निराश्रितों को कंबल वितरित किए

**विदिशा।** रोटरी ग्रेटर द्वारा निराश्रितों को सेवा न्यास भवन पर कंबल बांटे। रोटरी ग्रेटर परिवार ने करीब 75 कंबलों का वितरण कर सेवा अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोटे राज अरोरा ने रोटरी की विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर व्हीपी सिंह, कंपूवाले, रविंद्र जैन, चंद्रमोहन अग्रवाल, अभय बैनर्जी, जितेंद्र यादव, संदेश जैन सहित मानव सेवा न्यास के अध्यक्ष रमेश मंगल और सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य ज़रूरतमंदों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करना रहा।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक हुई

**विदिशा।** रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा विदिशा की बैठक हुई। जिसमें दिसंबर माह में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफल बनाने पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आगामी बैठक में लगभग 30 जिलों से 75 पदाधिकारी शामिल होकर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। बैठक में इंजी. सुधीर श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, कैलाश सक्सेना, विमलेश सक्सेना, अमित श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### इस्कॉन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया



**विदिशा।** रविवार को अहमदपुर रोड पर इस्कॉन मंदिर का शुभारंभ बड़े धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शुभारंभ के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

### खंगार क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित हुई

**विदिशा।** रविवार को मां बिहार कॉलोनी में खंगार क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार एवं राष्ट्रीय सचिव द्वारा क्षत्रिय खंगार विकास सेवा संघ द्वारा प्रताप सिंह राय विदिशा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं रघुवीर सिंह पटवारी गंजबासौदा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समन्वयक और अशोक सिंह राय को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर बैठक में विदिशा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर चर्चा हुई। खंगार क्षत्रिय संघ द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें राजेंद्र कुमार राय, ग्यारसी लाल परिहार, महेश परिहार, श्रीकांत परिहार, कृष्ण गोपाल राय, अभिषेक राय, अभिजीत परिहार, प्रीतम सिंह राय आदि उपस्थित रहे। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव एवं संरक्षक का आभार व्यक्त किया गया।

### दो प्रकरण में एसपी ने की इनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना कोतवाली विदिशा और थाना सिरोंज के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में सहयोग करने वालों के लिए नगद इनाम की घोषणा की है। कोतवाली के प्रकरण में फरार आरोपी खेमचंद पुत्र हरप्रसाद कुशवाह और संजू बाबा उर्फ संजय शर्मा निवासी तोपपुरा किलाअंदर की गिरफ्तारी या पुख्ता सूचना देने पर प्रत्येक के लिए तीन-तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। वहीं थाना सिरोंज के प्रकरण के फरार आरोपी राजेन्द्र पुत्र गोपीलाल रघुवंशी, निवासी ग्राम बगरोदा की जानकारी देने पर भी तीन हजार रुपए का इनाम मिलेगा। सूचना दाताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### 6 माह में पूरा करना था काम, आधा भी नहीं हुआ, 6 माह और बढ़ाई मियाद

# बेतवा नदी में मिल रहे शहर के नालों को रोकने की कवायद में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बारिश के बाद से ही तेजी से शहर के नालों का सीवेज का गंदा पानी सीधे बेतवा में मिल रहा है। विदिशा शहर के 6 प्रमुख नाले जो बेतवा को प्रदूषित कर रहे हैं उन्हे नदी में मिलने से रोकने के लिए करीब 2.30 करोड़ रुपए की लागत से नगरपालिका द्वारा पानी को लिफ्ट करके जतरापुरा स्थित फिल्टर प्लांट तक ले जाने की योजना पर काम शुरू हो गया है।

इसके लिए नगरपालिका टेंडर जारी कर चुकी है और ठेकेदार अंकित जोशी ने काम भी शुरू कर दिया है। 6 माह में ठेकेदार को यह काम पूरा करना था, लेकिन बीच में बारिश का सीजन आ जाने के कारण काम नहीं हो सका और 6 माह का समय निकल गया। ठेकेदार सिर्फ 2 स्थान पर संपवेल बना पाया। जबकि संपवेल से 10 इंच मोटी पाइप लाइन भी फिल्टर प्लांट तक बिछाई जाना है। वहीं संपवेल से पानी लिफ्ट करने के लिए मोटरें भी लगाई जाना है। अभी तक सिर्फ 30 प्रतिशत ही काम हो सका है।



**विदिशा।** चोर घाट नाले के गंदे पानी को लिफ्ट करके जतरापुरा के फिल्टर प्लांट तक ले जाने संपवेल का निर्माण।

### चोर घाट नाले से 2 किमी, जतरापुरा में 1 किमी लंबी लाइन डलेगी

नालों के पानी को फिल्टर करने के लिए दो संपवेल का निर्माण किया जा रहा है। एक संपवेल चोर घाट नाले की पुलिया पर बनाया जा रहा है तो दूसरा जतरापुरा के फिल्टर प्लांट से एक किमी दूर बेतवा नदी किनारे बनाया जा रहा है। चोर घाट नाले से 2 किमी लंबी लाइन जतरापुरा के फिल्टर प्लांट तक डाली जाना है, जो करीब 10 इंच मोटी रहेगी। वहीं जतरापुरा में नदी किनारे बने संपवेल से करीब 1 की लंबी लाइन फिल्टर प्लांट तक डाली जाएगी। बारिश के सीजन के बाद से ही शहर के बड़े नालों में सीवेज का पानी आना शुरू हो जाता है। सिर्फ गर्मियों में इसकी मात्रा कम होती है। पीलिया नाला पूरी तरह से सूख जाता है जबकि चोर घाट के नाले से भी कम ही पानी बेतवा में पहुंचता है। बाकी के महीनों में सीवेज का गंदा पानी सीधा बेतवा में मिलता है। वर्तमान समय की बात करें तो चोर घाट नाले में तेजी से पानी आ रहा है और काला, गंदा और बदबूदार पानी सीधे बेतवा में मिल रहा है। नाले की गंदगी सीधे नदी में जा रही है, जो नदी की तलहटी में जम रही है। गर्मियों में जब नदी का पानी कम हो जाता है तो इसमें सिर्फ नाले की गंदगी ही बचती है और नदी का पानी भी बदबू मारने लगता है। इसी पानी में लोग स्नान करते हैं।

### संपवेल का हो रहा निर्माण, इंजीनियरों ने तुड़वाई एक दीवार

चोर घाट नाले के पानी को बेतवा में मिलने से रोकने की मांग शहर के लोग कई वर्षों से करते आ रहे हैं। जैसे तैसे काम शुरू हुआ। लेकिन निर्माण धीमी गति से चल रहा है। संपवेल के लिए सीमेंट कंक्रीट का स्टेंचर बन चुका है। लेकिन इसके बाद बहुत काम शेष है। संपवेल में मोटरें लगाई जाएंगी, इसके बाद पानी लिफ्ट करने के लिए 2 किमी लंबी पाइप लाइन भी बिछाई जाना है। ठेकेदार अंकित जोशी ने बताया कि एक दीवार नपा के इंजीनियरों ने गिरवाई है। क्योंकि वह थोड़ी टेढ़ी हो गई थी। उन्होंने बताया कि जतरापुरा में भी संपवेल का निर्माण हो चुका है। दोनों जगह लाइन डलना और संपवेल में मोटर लगाने का काम शेष है। नगरपालिका से छह माह का एक्सटेंशन लिया है। जल्द दी काम फिर से शुरू करा दिया जाएगा।

## तीन माह पहले टूटी रामघाट की पुलिया अब तक नहीं बनी

### दूसरी जगह से भी सड़क होने लगी खोखली



**विदिशा।** तीन माह पहले टूटी थी पुलिया।



टूटी पुलिया के पास ही एक अन्य जगह से भी सड़क खोखली हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

तीन महीने पहले रामघाट के पास चोर घाट नाले की पुलिया पानी में बह गई थी। तीन माह बीतने के बाद भी इस पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है। जिसके कारण श्रद्धालुओं को चक्कर लगाना पड़ रहा है।

चरणतीर्थ घाट से होते हुए महल घाट, बहराबाबा घाट के बाद रामघाट जाने के लिए रास्ते को यह पुलिया जोड़ती है। जिसके टूटने के कारण श्रद्धालु रामघाट से अन्य घाटों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्हे चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। टूटी हुई पुलिया के पास ही एक अन्य जगह से भी सड़क खोखली हो गई है। जो कभी भी टूट सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है। विगत दिनों पुलिया में एक गाय भी गिर गई थी। जिसे श्रद्धालुओं ने बमुशिकल बाहर निकाला था। बारिश के दौरान पुलिया में पानी होने और नीची होने के कारण एक थार भी इसी टूटी हुई पुलिया में बही थी। जो पुलिया का पानी उतने के बाद दूसरे दिन बाहर निकाली गई थी। रामघाट जाने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के किसानों ने जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है।

घाटों के आसपास कई किसानों के बागीचे हैं जो अपने साधनों से रामलीला जाते हैं लेकिन पुलिया टूटी होने के कारण उन्हे भी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### लटेरी पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल खोज निकाला

**विदिशा।** जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे व एसडीओपी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में थाना लटेरी पुलिस ने नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 16 सितंबर को परिजनों ने बालिका के घर से बिना बताए जाने की सूचना थाना लटेरी में दर्ज कराई थी। निरंतर प्रयासों के बाद 8 नवंबर को पुलिस टीम ने बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। बालिका की सुरक्षित वापसी से परिजनों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

## चार माह पूर्व से ही पेयजल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुलाबगंज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर एसडीएम शशि मिश्रा एवं जनपद सीईओ जितेंद्र जैन के आदेश पर गूलरखेड़ी सरपंच पूजा घावरी द्वारा गांव के 15,16 वार्ड में पानी की लाइन को चालू कराया। बता दे कि कुछ तकनीकी कारणों से लाइन बंद थी परंतु उसको तुरंत ही सरपंच ने सही कराया और 15,16 वार्ड में पानी की सप्लाई चालू कराई। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने बताया कि कुछ वार्डों में पानी नहीं जा रहा है। उसका कारण पाइपलाइन न होना रहा है। इसके लिए विधायक मुकेश टंडन को भी जनसुनवाई में अवगत कराया था। उन्होंने जल निगम को निर्देशित किया एवं जल निगम द्वारा कहा गया कि 12



नवबर से काम चालू हो जाएगा और गर्मी से पहले ही हम इस कार्य को पूरा कर देंगे।

### अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की जानकारी शीघ्र भेजने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की जानकारी निर्धारित प्रपत्रों में तुरंत भेजी जाए। रिक्त पदों तथा पद-अभाव से जुड़े प्रकरणों के लिए पूर्व में भी पत्राचार किया जा चुका है। वर्ष 2020 में जारी संशोधित मॉडल रोस्टर के आधार पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों का विवरण शीघ्र भेजना आवश्यक है। विभाग प्रमुखों को समस्त जानकारी ईमेल [bhagat. singh49 @ mp .gov.in](mailto:bha- gat.singh49@mp.gov.in ) तथा वाट्सएप्प पर तत्काल भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क दुर्घटना मुआवजा दावों पर 6 माह की सीमा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

- उन परिवारों को राहत जो 6 माह में दावा नहीं कर पाते थे।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए राहत भरी खबर है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 4 नबंवर को एक ऐतिहासिक अंतरिम आदेश पारित करते हुए सड़क दुर्घटना अधिनियम की धारा 166(3) में लागू छह माह की समय-सीमा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है।

यह वही संशोधन है, जिसे केन्द्र सरकार ने 1 अप्रैल 2022 से लागू किया था और जिसके अनुसार दुर्घटना की तारीख से छह महीने के भीतर ही मुआवजा दावा प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया था। इस संशोधन को विभिन्न याचिकाओं में चुनौती दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से पवन सिंह रघुवंशी, एडवोकेट द्वारा उठाए गए संवैधानिक प्रश्न भी शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह संशोधन अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन है, क्योंकि इसे बिना किसी सार्वजनिक परामर्श, विधि आयोग के सुझाव या संसद में विस्तृत चर्चा के लागू कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से उन पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जो दुर्घटना के बाद परिस्थितिवश छह माह की अवधि में दावा दाखिल नहीं कर पाए थे। अब मामले के अंतिम निस्तारण तक किसी भी दावे को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकेगा।

### मतदाताओं को घर-घर बांटे जा रहे गणना पत्रक

**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को गति दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर पहुंचकर दो प्रतियों में गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। जिले की पांचों विधानसभा विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद में एसआईआर के तहत चल रहे कार्यों का एसडीएम द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। बीएलओ मतदाताओं से जरूरी जानकारी प्राप्त कर एक प्रति उनके पास रखवा रहे हैं। मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे गणना पत्रक में जानकारी भरकर हस्ताक्षर करें और समय पर बीएलओ को वापस उपलब्ध कराएं, ताकि ऑनलाइन सत्यापन सुचारू रूप से हो सके। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी उपलब्ध है, जिससे मतदाता अपनी जानकारी मिलान कर सकते हैं।

## लटेरी की मलानिया पंचायत में 12 लाख का गबन उजागर सरपंच व सचिव पर फर्जी बिल अपलोड करने पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी

लटेरी की ग्राम पंचायत मलानिया में हुए कथित फर्जीवाड़े के मामले में पुलिस ने रविवार को सरपंच और तत्कालीन सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

आरोप है कि वर्ष 2022 में फर्जी दस्तावेज तैयार कर लगभग 12 लाख रुपए की सरकारी राशि का गबन किया गया। यह कार्रवाई लटेरी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) उदय प्रताप सिंह की शिकायत पर की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सरपंच रईश खान और तत्कालीन सचिव बृजेश यादव के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि पंचायत दर्पण पोर्टल पर चार फर्जी बिल अपलोड किए गए थे, जिनकी कुल राशि 4 लाख 28 हजार रुपए थी। इन बिलों के माध्यम से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

इसके अतिरिक्त अप्रैल 2022 से लेकर जांच की तारीख तक सरपंच रईश खान के नाम पर 14 वाउचरों के माध्यम से कुल 7 लाख 24 हजार 325 रुपए का भुगतान किया गया। ये सभी भुगतान कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर किए गए थे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने सरकारी धन का छलपूर्वक उपयोग करते हुए वित्तीय अनियमितता की।

शासन के दिशा-निर्देशों के विपरीत किए गए इन भुगतानों के चलते अब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ऑपरेशन मुस्कान की दोहरी सफलताः सिविल लाइन पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुलिस ने एक बार फिर सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में अपहता नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। दोनों मामलों में त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी समन्वय ने परिजनों को राहत दी है। विदिशा पुलिस द्वारा बच्चियों को सुरक्षित वापस लाना ऑपरेशन मुस्कान की प्रभावशीलता का सशक्त प्रमाण है।

### इन 2 मामलों में पुलिस को मिली सफलता

3 नवंबर को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में 16 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 8 नवंबर को विदिशा रेलवे स्टेशन से बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला। दूसरे मामले में इसी थाना क्षेत्र में 21 अक्टूबर 2025 को 15 वर्षीय बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। अथक प्रयासों के बाद टीम ने 8 नवंबर को भोपाल रेलवे स्टेशन से बालिका को सकुशल बरामद किया।

### बेटा श्रीयांश पहले नंबर पर पिता माधव मोहोड़ दूसरे स्थान पर रहे

# 'न्यायोत्सव' की मैराथन से शुरुआत, 3.5 किमी तक दौड़े जज, वकील, बोलेः न्याय भी तेज गति से लोगों तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

न्याय के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को 'न्यायोत्सव' विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ एक मैराथन दौड़ के साथ हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस दौड़ में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह जागरूकता सप्ताह 9 से 14 नवंबर तक चलेगा। जिला न्यायालय से शुरू हुई 3.5 किमी की मैराथन का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर से हुआ। प्रतिभागियों ने दुर्गानगर चौराहा, एसएटीआई कॉलेज, अहमदपुर चौराह और पीतल मिल होते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर तक लगभग 3.5 किलोमीटर की दूरी तय की।

### जिला जज बोलेः न्याय भी तेज गति से पहुंचे

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने बताया कि यह मैराथन दौड़ विधिक सेवा दिवस के





उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह से सभी ने दौड़ लगाई, उसी तरह न्याय भी तेज गति से लोगों तक पहुंचे, यही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। दौड़ में न्यायालय के माधव मोहोड़ और उनके बेटे श्रीयांश मोहोड़ ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

इस बार बेटे श्रीयांश मोहोड़ ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि उनके पिता माधव मोहोड़ दूसरे स्थान पर रहे। पिछले वर्ष माधव मोहोड़ पहले स्थान पर थे। तरुण चतुर्वेदी ने तीसरा स्थान हासिल किया। 9 से 14 नवंबर तक चलने वाले इस विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह के दौरान कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## एसआईआर प्रक्रिया से अवगत कराने जागरूकता शिविर लगा



**विदिशा।** रविवार को स्वावलंबन फाउंडेशन ने जय कॉम्प्लेक्स, बड़ी बजरिया में भारत निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में शहर काजी सैयद साजिद अली, डॉ. एएच कुरैशी, बीएलओ अशगर अली, वार्ड 15 के पार्षद धर्मेंद्र यादव, रिटायर्ड डीएसपी करीम खान एवं हाजी असलम अंसारी सहित अन्य वक्ताओं ने आमजन को एसआईआर से जुड़ी भ्रांतियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में परवेज अहमद, हाफिज सिद्दीकी, अनवर खान, मोहम्मद जमील खान, हाफिज दानिश नवाब इंडियन, अशरफ खान, फहीम खान, मुबीन शीशगर, कलीम पटेल, डॉ. जफर मंसूरी, हाफिज मोहसिन एवं अकबर खान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन सलमान अफरीदी ने किया तथा तकनीकी सहयोग शाहिद खान और मोहितपुरी ने प्रदान किया। शिविर के अंत में आभार वसीम खान ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने की जुर्माने की कार्रवाई

**गंजबासौदा।** यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर बैठी तीन सवारी, बगैर नंबर प्लेट एवं टूटी हुई नंबर प्लेट चालकों को रोककर ड्रायविंग लायसेंस तथा वाहन के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। वहीं ऐसे चार पहिया वाहनों को रोका गया, जिनके चालक सीटबेल्ट नहीं लगाए हुए थे। यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई के दौरान एक कार, एक ट्रक एवं 8 दो पहिया वाहनों सहित कुल 10 वाहन चालकों पर 3400 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा जन्मोत्सव

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बुधवार को कलयुग के पालनहार शक्ति के दाता भगवान शिव के अंश अवतार काल सेन भैरव बाबा का एक अरब 95 करोड़ चौसठ लाख बत्तीस हजार चार सौ इक्कीसवा जन्मोत्सव काल सेन भैरव बाबा मंदिर भैरव पुरा गांधी चौक पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर को विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह विशेष पूजन अभिषेक भगवान सत्यनारायण एवं कालसेन भैरव बाबा की व्रत कथा हवन दोपहर 12 बजे बाबा का जन्मोत्सव तत्पश्चात प्रसाद वितरण होगा। दोपहर 12 बजे से रात्रि 12 तक विभिन्न मंडलियों द्वारा भजन, शास्त्रीय संगीत भैरव बाबा की गोटे एवं विद्वानजनों द्वारा भगवान श्री कालसेन भैरव बाबा के चरित्र पर प्रवचन दिए जाएंगे तथा रात्रि 12 बजे विशेष आरती कर कार्यक्रम का समापन होगा।

### सासंद खेल महोत्सव का शुभारंभ आज

**गंजबासौदा।** सासंद खेल महोत्सव का शुभारंभ नगर में विद्यायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी की उपस्थिति में सोमवार को दोपहर 1 बजे, शासकीय एसजीएस कॉलेज बरेठ रोड से किया जा रहा है। जिसमें सभी भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज

**गंजबासौदा।** नगर के शिक्षाविद, बहुमुखी प्रतिभा के धनी, सृजनशील साहित्यकार शिखर चंद जैन के असमय निधन पर साहित्यकार संघ ने सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है। साहित्यकार संघ के संरक्षक चंद्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार 10 नवंबर को शाम 7 बजे साहित्यकार भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। जिसमें नगर के सभी साहित्यकार, रचनाकार, गणमान्य नागरिक एकत्रित होकर साहित्यकार एवं शिक्षाविद शिखरचंद जैन को अपनी रचनाओं एवं अन्य माध्यमों से श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उन्होंने सभी रचनाकारों, साहित्यकारों, नागरिकों से श्रद्धांजलि सभा में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### इस वर्ष गेहूं और धनिया की फसल का रकबा बढ़ा

# गांवों के किसान जुटे रबी फसल गेहूं चना, मसूर, धनिया की बुआई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मौसम खुलते ही खेतों में फिर से हलचल शुरू हो गई है। सुबह होते ही किसान ट्रैक्टरों को तैयार कर खेतों की ओर निकल रहे हैं। गांवों में रबी सीजन की शुरुआत हो गई है। ज्ञात हो कि एक सप्ताह तक मौसम खराब रहने एवं बारिश होने के बाद अब मौसम साफ होते ही किसान रबी फसल की बुवाई में जुट गए हैं। ग्राम फूफैर, नेवली, बलरामपुर, किर्रोदा, सिरनोटा, स्यारी, भाटनी, सुनारी, फतेहपुर और बरेठ सहित आसपास के गांवों में किसान सुबह से देर शाम तक खेतों में मेहनत कर रहे हैं। इस बार गेहूं, चना और धनिया की बुवाई पर जोर दिया जा रहा है।





खरीफ की फसलों सोयाबीन और मूंग, मक्का से किसानों को नुकसान हुआ है, जबकि धान की फसल भी बारिश से प्रभावित हुई है। हांलाकि बारिश से सोयाबीन, मक्का, मूंग, उडद उत्पादक किसानों के खेतों में पलेवा हो गया था और उन्हें रबी सीजन की फसलों की बुबाई के लिए खेतों की बोवनी पूर्व सिंचाई करने से राहत मिल गई है। इस कारण किसान अब खेतों में पर्याप्त नमी का लाभ उठाते हुए रबी सीजन की फसलों की बोवनी में जुट गए हैं। पिछले सीजन की फसलों से हुए नुकसान के बाद अब किसानों की उम्मीदें रबी फसलों पर टिकी हैं। कृषि विभाग के अनुसार इस बार गेहूं की बुवाई का लक्ष्य पिछले साल से करीब 10 प्रतिशत ज्यादा रखा गया है। धनिया की बुवाई भी तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल इसके अच्छे दाम मिले थे। बुवाई में करीब एक हफ्ते की देरी जरूर हुई है, लेकिन मिट्टी की स्थिति बेहतर होने से नुकसान की भरपाई हो सकती है। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वह प्रमाणित बीज का ही उपयोग करें। बुवाई से पहले फफूंदनाशक एवं कीटनाशकों से बीज उपचार जरूर करें। शुरुआती सिंचाई समय पर करने से फसल की जड़ मजबूत बनती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि बीज प्रमाणित संस्था या विश्वनीय प्रतिष्ठान से ही लें और बीजोपचार एवं कीटनाशकों की खरीदी भी विश्वनीय प्रतिष्ठानों से करें और बिल अवश्य प्राप्त करें। उधर मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने भी आगामी दिनों में तापमान में गिरावट रहने के संकेत दिए हैं। जिससे बोवनी के लिए अनुकूल परिस्थिति बन रही है। वेबसाइटों के अनुसार आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच सकता है, जबकि अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री तक बना रहेगा।

## शिवानी राय का डीएसपी पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ग्राम करैया निवासी शिवानी राय का चयन डीएसपी के पद पर हुआ है। वह अभी बैतूल जिले में जनपद सीईओ के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह पटवारी के रूप में रीवा जिले में पदस्थ रहीं। शिवानी के पिता किसान हैं। शिवानी गांव की एकमात्र लड़की हैं, जिनका एक साथ तीन-तीन सरकारी नौकरी में चयन हुआ हो। शिवानी ने अपनी सफलता पर बताया कि कोई भी लक्ष्य बनाकर जब हम प्रतिदिन उस पर काम करते हैं, तो हमें सफलता निश्चित ही मिलती है। शिवानी की इस उपलब्धी पर परिजनों, शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा 9 नवंबर से 14 नवंबर तक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8.15 बजे मैराथन दौड़ से हुई। दौड़ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर तहसील प्रांगण में सुबह 8.30 बजे समाप्त हुई। इस अवसर पर राघवेंद्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी और प्रभारी अधिकारी न्यायोत्सव विधिक सेवा कार्यक्रम में मौजूद रहे। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के तहत गंज बासौदा तहसील के विभिन्न स्थानों पर विधिक सेवा कार्यक्रम होंगे। इनका उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक करना है।

## नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला भी हैं, इसी भवना के साथ चलाया श्रमदान अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को श्रमदान दल का साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत पाँचवाँ चरण बेतवा नदी के रिपटा घाट पर संपन्न किया गया। इस चरण में श्रमवीरों ने घाट के प्रवाह क्षेत्र और किनारों से लगभग पाँच क्विंटल कचरा एकत्रित किया, जिसमें पूजन-हवन सामग्री, अंत्येष्टि के पश्चात छोड़ी गई अपशिष्ट वस्तुएँ, मुंडन संस्कार से निकले बाल, अंधविश्वासवश त्यागे गए कपड़े, प्लास्टिक-पॉलिथीन, साबुन-शैंपू के पाउच, शराब की बोतलें, टूटी चप्पलें तथा दवाओं के अवशेष शामिल रहे। स्वच्छता में ही श्रद्धा का सार धार्मिक अनुष्ठान और संस्कार हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, किंतु जब वही श्रद्धा प्रदूषण का रूप लेने लगे तो उसका अर्थ विकृत हो जाता है। बेतवा घाटों पर मिली पूजा सामग्री, मूर्तियों के अवशेष और पॉलिथीन इसी विडंबना की झलक दिखाते हैं। श्रमदान दल ने जनता से निवेदन किया कि श्रद्धा के नाम पर प्रदूषण न करें, बल्कि अपने आचरण से नदियों को स्वच्छ बनाकर "सच्ची श्रद्धा" का परिचय दें। समर्पण से प्रेरणा का संदेश देते हुए श्रमदान दल ने अपील की है कि नदियों के नाम एक घंटा जीवन का अवश्य दें। दल के सदस्यों ने एक स्वर में कहा "नदी स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।"उन्होंने नारा दिया कि "हर रविवार केवल एक घंटा नदी के नाम, यही होगा धरती माँ को सच्चा प्रणाम।"यह अभियान सिद्ध करता है कि परिवर्तन बड़े आयोजनों से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे सतत प्रयासों से आता है। बेतवा के तट पर यह समर्पण आज एक प्रेरणा बन चुका है। मानवता और प्रकृति के बीच पुनः एक सेतु के रूप में। रविवार के इस श्रमदान अभियान में बडी संख्या में श्रमदान दल के सदस्य और अन्य लोग मौजूद रहे।



### कश्मीर से कन्याकुमारी की 3700 किमी की यात्रा

## अस्थमा से जंग के लिए निकला जांबाज साइकिल यात्री : फुरकान अहमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

23 वर्षीय हैदराबाद निवासी फुरकान अहमद इन दिनों अपने साहस और आत्मविश्वास से देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अस्थमा जैसी बीमारी से जूझने के बावजूद यह युवक साइकिल पर सवार होकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3700 किलोमीटर की एकल यात्रा पर निकला है।

फुरकान ने 28 अक्टूबर 2025 को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। अब तक वह लगभग 1450 किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है।



यात्रा का 12वां पड़ाव मध्यप्रदेश के सागर शहर में रहा, जहां उसने कुछ देर विश्राम कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और फिर लखनादौन के लिए रवाना हुआ। फुरकान पेशे से इंटीरियर डिज़ाइनर हैं और साथ ही एक निजी व्यवसाय भी करते हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उन्होंने किसी रिकॉर्ड या पहचान के लिए नहीं, बल्कि अपने डर को हराने और अपनी शारीरिक क्षमता को परखने के लिए शुरू की है।फुरकान ने बताया कि यात्रा के दौरान वह अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हैं। दवाइयों का एक छोटा बैग और साइकिल की रिपेयरिंग के लिए जरूरी टूल किट हमेशा साथ रहती है। उनका रोज़ का आहार बेहद सादा है - दही-चावल, दाल-रोटी और जैम-ब्रेड।हर दिन वह करीब 170 से 200 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, और हर 20 से 30 किलोमीटर बाद थोड़ा विश्राम लेते हैं। यात्रा का उनका दैनिक बजट लगभग 1300 से 1500 रुपए है।

## अवसरवादी राजनीति लोकतंत्र को कमजोर करती है इससे लोकतंत्र में नागरिकों की आस्था कम होती: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

धर्म, संस्कृति व संस्कार जीवन के आधार हैं, इनके बिना जीवन का अर्थ नहीं है। अगली पीढ़ी को यह नहीं दे सके तो अपार धन दौलत भी किसी काम की नहीं। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बाघराज वार्ड में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में अपने संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अवसरवादी राजनीति लोकतंत्र को कमजोर करती है, इससे लोकतंत्र में नागरिकों की आस्था कम होती है। निगम एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल एवं उमेश यादव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि संस्कार विहीन संतान देश, समाज और परिवार तीनों के लिए अहितकारी होती है। संतान ही सबसे बड़ी संपदा होती है यदि वही संस्कार विहीन हो तो जीवन कष्टमय हो जाता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित दो हजार से



अधिक बहिनों से कहा कि संस्कारों के निर्माण में मां की सबसे बड़ी भूमिका है। उसी के संस्कारों से देश, समाज और परिवार का चरित्र निर्माण व भविष्य निर्माण होता है। उन्होंने महाभारत के अभिमन्यु द्वारा मां के गर्भ में चक्रव्यूह भेदन की कला सीखने का उद्धरण सुनाते हुए कहा कि गर्भकाल के दौरान देखे गए स्तरहीन टीवी सीरियल और मोबाइल की रीलें आपकी संतान पर प्रभाव डालेंगे। इसलिए गीता, रामायण पाठ, भजन आदि धार्मिक गतिविधियां और गणित जैसे विषयों का अभ्यास आपके गर्भस्थ शिशु को अच्छे संस्कारों का आरंभ कर सकते हैं। यदि सभी माताएं ऐसा करें तो भगवान राम, भगवान कृष्ण जैसे बेटे और सीता, पार्वती जैसी बेटियां जन्म ले सकती हैं। पअपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें कि वे सूर्योदय के पूर्व जागें और प्रातः काल सूर्य भगवान, अपने आराध्य भगवान तथा माता पिता को प्रणाम करें। इसके धार्मिक लाभ के साथ वैज्ञानिक लाभ भी हैं। उन्होंने कहा कि आज घरों का मालिक ही मोबाइल हो गया है। पूरा परिवार अलग अलग बैठा अपने मोबाइलों में समय नष्ट कर रहा है जिससे परिवारों में आत्मीयता व परिवार भाव भी नष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो बेटियां प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रही हैं उनके अनुभव सुनने से पता लगता है कि उन्होंने मोबाइल से दूरी बना कर रखी, सिर्फ ज्ञान और जानकारियों के लिए ही मोबाइल का उपयोग किया। पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति नारी प्रधान संस्कृति है।

## सिंधी समाज ने जयस्तंभ चौक पर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को सिंधी समाज ने छत्तीसगढ़ निवासी अमित बघेल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बघेल पर भगवान झूलेलाल और अग्रसेन महाराज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। सिंधी समाज के लोगों ने जय स्तंभ चौराहे पर अमित बघेल का पुतला दहन किया और उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।



पुतला दहन से पहले सिंधी समाज के लोगों ने जय स्तंभ चौराहे पर जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के बाद सिंधी समाज के लोग एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम संतोष बिटौलिया को एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी समाज सदस्य पैदल मार्च करते हुए एसडीओपी कार्यालय पहुंचे और एसडीओपी शिखा भलावी को भी ज्ञापन सौंपकर अमित बघेल पर केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। सिंधी समाज के सदस्यों ने बताया कि अमित बघेल ने उनके आराध्य देव भगवान झूलेलाल और अग्रवाल समाज के आराध्य अग्रसेन महाराज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अशोभनीय टिप्पणी की है। इस टिप्पणी से सिंधी समाज और अग्रवाल समाज में रोष व्याप्त है, जिसके चलते लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। समाज के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समाज आगे भी आंदोलन करेगा।

### लीग मैच समाप्त, मंगलवार और बुधवार को होंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले

## खेड़ापति-11 ने महलवाला इंटरनेशनल को 8 विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के खेल मैदान पर स्व. कपिल तिवारी की स्मृति में चल रहे लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेन्ट सीजन-1 में सभी टीमों के लीग मैच समाप्त हो गए हैं। मंगलवार-बुधवार से टूर्नामेन्ट के क्वार्टर फायनल मैच खेले जायेंगे। जिसके बाद सेमी फायनल और फायनल मैच होगा। रविवार को सुपर संडे मुकाबले में मीडिया लीजेंड्स और योगी-11 के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, क्योंकि इन दोनों ही टीमों में से हारने वाली टीम खिताब की दौड़ से बाहर हो जायेगी। यह मैच दोनों टीमों के लिए अहम था। मीडिया लीजेंड्स ने जीत दर्ज की है। इससे पहले खेले गए मुकाबले में महलवाला इंटरनेशनल को खेड़ापति-11 ने 8 विकेट से शिकस्त देकर क्वार्टर फायनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी महलवाला-11 की टीम 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 85 रन बना पाई। जबाब में खेड़ापति-11 ने यह लक्ष्य 6.4 ओवर में ही प्राप्त कर 8 विकेट से मैच जीता, जिसमें अरूण शर्मा के द्वारा 19 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली गई। दूसरा मैच बासौदा-11 और डी-स्टार के बीच हुआ। जिसमें डी स्टार टीम ने पहले बल्लेवाजी करते हुये 10 ओवर में 115 रन बनाये। बासौदा-11 की ओर से कपिल शर्मा ने सर्वाधिक 46 रनों का योगदान दिया और टीम ने 9 ओवर में ही यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया। तीसरा मैच राइजिंग-11 और ओल्ड स्टाइकर के बीच खेला गया।

राइजिंग-11 ने 10 ओवर में 112 रन बनाए, जबाब में ओल्ड स्टाइकर की टीम 99 रन ही बना पाई। जिसमें रूद्र रिछारिया ने 50 रनों की पारी खेली। रविवार को टूर्नामेन्ट के सभी लीग मैच होने के बाद 8 टीम क्वार्टर फायनल में पहुंच गई हैं। मंगलवार को टूर्नामेन्ट का पहला क्वार्टर फायनल ओल्ड स्टाइकर और आफको के बीच खेला जायेगा। दूसरा क्वार्टर खेड़ापति-11 और बासौदा-11 के बीच होगा।

तीसरा क्वार्टर फायनल बुधवार को महलवाला इंटरनेशनल और आशु लाइंस और चौथा क्वार्टर फायनल लीजेंड्स मीडिया और राइजिंग स्टार के बीच होगा। रविवार को हुए मैत्री मैच में पत्रकार एकादश ने पुलिस एकादश को हराया। पुलिस टीम की ओर से कप्तान टीआई संजय बेदिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेवाजी करने का फैसला लिया। पत्रकार एकादश के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी करते हुए पुलिस की टीम को बड़ा स्कोर करने से रोका। पुलिस टीम की ओर से टीआई संजय बेदिया, राकेश सेन, राकेश रावत ने शानदार पारी खेली और टीम 8 ओवर में 56 रन बना पाई। 57 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश की ने मैच 6 ओवर में ही जीत लिया।

## ऑपरेशन मुस्कान में एक ओर अपहृत बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

थाना त्योंदा में दिनांक 28 नवंबर 2019 को कस्बा बागरोद निवासी फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 नवंबर 2019 को शाम 6 बजे फरियादी की लड़की उम्र 17 वर्ष 08 माह को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है, फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

इस मामले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्योंदा प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा नाबालिग लड़का लड़कियों की पतारसी हेतु आपरेशन मुस्कान के तहत गठित पुलिस टीम के द्वारा नाबालिग बालिका की पतारसी में अपहर्ता के आधार कार्ड व समग्र आईडी के आधार पर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर 6 साल से गुमशुदा अपहर्ता को 9 नवंबर 2025 को केवलारी कलां से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष टीम में से उप निरीक्षक प्रतीभा सिंह थाना प्रभारी त्योंदा, सउनि प्रेमनारायण साहू, प्रधान आर रविन्द्र सिंह तोमर, आर सत्येन्द्र सिंह, महिला सैनिक कला शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



मनमानी : जिले में करीब 72 प्रतिशत शिक्षकों को सौंपा बीएलओ का कार्यभार

# मास्टर बने बीएलओ, परिणाम परीक्षा से पहले सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई हो गई ठप!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में सरकारी प्राइमरी, मिडिल स्कूलों के 72 प्रतिशत शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी है। ऐसी स्थिति में एकल स्कूल टीचरों के स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई ठप हो गई है।

न्यायालय के निर्देश थे कि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए जहां तक संभव हो, शिक्षकों को बीएलओ या सुपरवाइजर नियुक्त नहीं किया जाए. लेकिन इन आदेशों की अनदेखी हो रही है। जिला प्रशासन यदि चाहता तो अन्य विभागों के कर्मचारियों ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, नपा कर्मियों, कृषि सुपरवाइजर, तहसील व कलक्ट्रेट के कर्मचारियों को इस कार्य में लगा सकता था। किंतु शिक्षकों की बड़ी संख्या में ड्यूटी लगाने से शैक्षणिक व्यवस्था पर आघात पहुंचाया जा रहा है।

### विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

बताया जा रहा है कि रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी, भोजपुर और उदयपुरा में करीबन 10 लाख मतदाता है। इनका मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्य चल रहा है। लगभग 72 फीसदी शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ बनाकर लगा दी गई है। जिससे स्कूलों में छात्र- छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं स्कूलों में अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं भी चल रही हैं। जिला प्रशासन ने फील्ड के कर्मचारियों को छोड़कर ब्लू की जिम्मेदारी शिक्षकों को कंधों पर दी है। इस कारण सरकारी प्राइमरी मिडिल स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। कई स्कूलों में ताले डाले हुए हैं। ऐसे में छात्राओं पर भी दोहरी मार पड़ रही है स्कूलों में ना तो शिक्षक हैं और ना ही पढ़ाई सही तरीके से हो पा रही है।

### पाठ्यक्रम अधूरा परीक्षा सिर पर

*राज्य सरकार ने इस बार बोर्ड हाई स्कूल हायर सेकंडरी की वार्षिक परीक्षाएं फरवरी में आयोजित कराने का निर्णय लिया है। जबकि हर साल बोर्ड परीक्षा मार्च में होती हैं। बोर्ड परीक्षाएं सिर पर हैं स्कूलों में छात्रों की पढ़ाई कोर्स आधा ही हुआ। ऐसी स्थिति में उनका भविष्य खराब होने का डर अभिभावकों को सता रहा है।*



### शिक्षा विभाग और चुनाव आयोग में समन्वय का अभाव

*स्कूलों में बच्चों का नहीं हुआ पाठ्यक्रम पूरा, बिना पढ़े कैसे परीक्षा देंगे विद्यार्थी।राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है।जिला शिक्षा विभाग और चुनाव आयोग के बीच समन्वय के अभाव ने शिक्षण व्यवस्था बिगाड़ दी है। रायसेन जिले सहित पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में से 70 प्रतिशत से ज्यादा शिक्षकों को बीएलओ और सुपरवाइजर के कार्य में लगा दिया है। इसके चलते विद्यालयों में नियमित शिक्षण कार्य ठप हो गया है। जबकि प्काफी संख्या में शिक्षकों को बीएलओ एवं सुपरवाइजर का कार्य सौंपने के कारण उन्हें आगामी आदेशों तक स्कूलों से कार्यमुक्त कर दिया है। दूसरी ओर शिक्षा विभाग ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा दिसम्बर की बजाय 20 नवम्बर से कराने की तैयारी कर ली है। इससे पाठ्यक्रम अधूरा रहने की संभावना बढ़ गई है।*

### 878 शिक्षकों को बीएलओ बनाकर भेज दिया गांव-गांव

*जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही शिक्षा व्यवस्था चरमराने लगी है। स्कूलों में अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। क्योंकि बड़ी संख्या में शिक्षकों को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की जिमेदारी दी गई है। शासन ने साफ निर्देश दिए थे कि शिक्षकों को चुनावी कार्य से यथासंभव मुक्त रखा जाए। लेकिन हकीकत इसके उलट है। शिक्षक घर-घर सर्वे में जुटे हैं और कई स्कूलों की पढ़ाई लगभग ठप हो गई है। विद्यालयों में एक ही कक्ष में दो से तीन कक्षाओं के बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ना मजबूरी हो गई है।*

### बीएलओ की जिम्मेदारियों में फंसे मास्टर साहब, पढ़ाई कराएं कौन ?

बीएलओ व सुपरवाइजर बने शिक्षकों को आगामी आदेश तक विद्यालयों से किया कार्य मुक्त। वह एसआईआर का कार्य करेंगे शिक्षक।इधर शिक्षा विभाग ने दिसम्बर की बजाए नवम्बर से अर्द्ध वार्षिक परीक्षा करवाने की तैयारी की।

### इनका कहना है

यह बात सही है कि बहुत से शिक्षकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनकी ड्यूटी कलेक्टर व एसडीएम द्वारा लगाई गई है। संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है, जिन स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहां गेस्ट टीचरों की तैनाती कर शैक्षणिक व्यवस्था बनाई जाए।

**- डीडी रजक**, डीईओ, रायसेन

शास. माध्यमिक कन्या शाला और ग्राम पंचायत दीवानगंज में हुआ कार्यक्रम

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष गूंजा देशभक्ति का जोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक कन्या शाला और ग्राम पंचायत दीवानगंज में शनिवार को वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गीत से हुई, जिसे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और देशभक्ति के जोश के साथ गाया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक और शिक्षकों ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह गीत देश की आजादी की लड़ाई में प्रेरणा स्रोत रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों के साथ भारत माता की जय के उद्घोष किए।

कार्यक्रम के अवसर पर विकास जायसवाल और देवेंद्र जाटव खेल कोच, दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, उपसरपंच समीम खान, सचिव रामप्रसाद मालवीय, सहसचिव कामना चतुर्वेदी, दशरथ विश्वकर्मा, मुकेश साहू, नसीम खान सहित स्कूल के शिक्षक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**


### डॉ राघवेंद्र शर्मा ने बेरखेड़ी पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**रायसेन।** भाजपा के पूर्व कार्यालय मंत्री डॉ राघवेन्द्र शर्मा ने बेरखेड़ी पहुंच कर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी की माता जी सुमंत्रा देवी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय सुमंत्रा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ संदीप दुबे सहित भाजपा नेता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मढ़िया गांव की सपना बनीं नपा सीएमओ

**सिलवानी।** अंचल के मढ़िया गांव की बेटी सपना रघुवंशी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी परीक्षा 2023 में



शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सपना का चयन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पद पर हुआ है। किसान देवी सिंह रघुवंशी की पुत्री सपना ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। इससे पहले भी सपना रघुवंशी का चयन राज्य सेवा परीक्षा 2024 में अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के पद पर हो चुका है। सपना की इस उपलब्धि से परिवार, गांव और अंचल में खुशी की लहर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने सपना को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



## ग्राम बरजोरपुर में लगा कीचड़ का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सरार के बरजोरपुर गांव में सड़क पर बरसों से कीचड़ का अंबार लगा रहता है। इस गांव से अंदर जाने के लिए कई गांव का रास्ता है, मगर इस रोड पर कीचड़ होने से हर आने जाने वाला व्यक्ति परेशान रहता है, यह कीचड़ सड़क पर नाली नहीं होने के कारण हो रही है जबकि इस जगह पर आरसीसी सड़क का निर्माण पहले ही हो चुका है। यदि यहां एक साइड भी नाली का निर्माण किया जा तो लोग इस कीचड़ में निकलने से बच सकते थे आये दिन लोगों की गाड़ी फिसल रही हैं। पैदल चलने वाले व्यक्ति अधिक परेशान रहते हैं, कोई अपने कपड़े संभाल कर निकलता है, तो कोई जूते चप्पल हाथ में लेकर निकलता है। इतनी परेशानी के बाद भी सरपंच सचिव को यह तीन-चार मीटर सड़क की नाली निर्माण नहीं हो सका।

## रेत भरने जा रहा डंपर पलटा, अंधी रफ्तार और जर्जर सड़क बनी हादसे की वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

रविवार की सुबह सिलवानी क्षेत्र में स्टेट हाईवे 44 पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब रेत भरने जा रहा एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हादसे ने एक बार फिर इलाके में जर्जर सड़कों और भारी वाहनों की अंधाधुंध रफ्तार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर से लगभग 13 किलोमीटर दूर तेंदोनी नदी घाट से पहले मोड़ पर यह हादसा हुआ। डंपर क्रमांक एमपी 15. जेड एल 3573 नर्मदा घाट की ओर रेत भरने जा रहा था, जो उस समय खाली था। बताया जाता है कि मोड़ पर डंपर अचानक अनियंत्रित हो



गया और सड़क किनारे बने खेत में पलट गया। चालक को मामूली चोटें आईए पर किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर की रफ्तार बहुत तेज थीए जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। डंपर पलटने से पहले सड़क किनारे लगे 33 केवी बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे पोल झुक गया और क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

घटना की सूचना पर बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

### जर्जर सड़क और अंधी रफ्तार हादसों की जड़

*स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेट हाईवे 44 जो गैरतगंज से सिलवानी होते हुए गाडरवारा तक जाता है, लगभग 80 किलोमीटर लंबा है। इस मार्ग की स्थिति लंबे समय से खराब है। जगह-जगह गड्ढे, टूटी सड़कें और किनारों का क्षरण होने के कारण वाहनों को चलाना जोखिम भरा हो गया है। विशेष रूप से गैरतगंज से उदयपुरा के बीच करीब 60 किलोमीटर के हिस्से में गड्ढों की भरमार है। कुछ स्थानों पर सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि दो पहिया वाहनों और छोटे वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर कई बार हादसे हो चुके हैं, परंतु सड़क की मरम्मत के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।*

## हवा हवाई हुआ 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' अभियान, जिम्मेदार नहीं कर रहे निरीक्षण, संचालक कर रहे नियमों को अनदेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पेट्रोल पंपों पर निर्धारित सुविधाएं लोगों को नसीब नहीं हो पा रही हैं। वहीं पुलिस और पेट्रोल संचालकों का नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान फेल हो चुका है। पेट्रोल डलवाने के लिए बाइक चालक आसानी से बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवा रहे हैं। नुकसान से बचने पंप संचालकों ने नियमों को धता बता दिया है।

पुलिस प्रशासन केवल वाहन चेकिंग कर एक समय सीमा के बाद सुस्त हो जाता है। हेलमेट पहनने के मामले पर अगर जिला व पुलिस प्रशासन की ओर गंभीरता के साथ कदम उठाया जाए तो दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। प्रशासन को नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने की जरूरत है, ताकि दुर्घटनाओं में हो रही मौत के आंकड़ों को कम किया जा सके। लेकिन जिले के थाना और पेट्रोल पंप संचालक इस अभियान को धता दिखाने से नहीं चूक रहे हैं।

### शौचालय में गंदगी, फ्री हवा सहित अन्य सुविधाएं नदारद



उपभोक्ता को पेट्रोल की शुद्धता जांचने पेट्रोल पंप पर फिल्टर पेपर होना चाहिए, जिस पर पेट्रोल की कुछ बूंद डालने के बाद अगर कुछ समय बाद पेट्रोल उड़ जाता है और पेपर साफ रहता है तो पेट्रोल में कोई मिलावट नहीं है और अगर पेपर पर दाग रह जाता है, तो पेट्रोल में गड़बड़ी है। लेकिन यह फिल्टर पेपर अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नहीं है और उपभोक्ताओं को भी इसकी जानकारी नहीं है।

वहीं आग से बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र और अन्य सुरक्षा उपकरण मौजूद होने चाहिए। शौचालय की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उपभोक्ताओं के वाहन के टायरों में हवा फ्री में भरी जानी चाहिए। पीने योग्य स्वच्छ जल की व्यवस्था होनी चाहिए। किसी भी चोट की स्थिति में उपयोग के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध होनी चाहिए। उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए एक शिकायत बॉक्स या रजिस्टर होना चाहिए।

### इनका कहना है

पेट्रोल पंपों की जांच की जाएगी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जल्द ही जिलेभर के पेट्रोल पंपों के मानकों की टीम से जांच पड़ताल कराई जाएगी। कार्य की अधिकता की वजह से यह कार्य नहीं हो सका।

**- राजू कातुलकर**, फूड अधिकारी रायसेन।

गाजे-बाजे के साथ निकलेगी कलश यात्रा

## संगीतमयी श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा आज से आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सात दिवसीय सरस संगीतमयी श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा कथा का आयोजन होने जा रहा है। यह भागवत कथा शहर के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा के श्रीमुख से वाचन किया जाएगा। कथा 10 से 16 नवंबर तक चलेगी। भागवत कथा प्रभा देवी यादव कालूराम यादव परिवार की ओर से श्री राधा किशन मंदिर यादव समाज श्रीरामलीला ग्राउंड में आयोजित की जा रही है। कथा का समय रोजाना दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा दादाजी सिद्ध हनुमान मंदिर से सुबह 11 बजे बैंडबाजों के बीच शुरू होकर महामाया चौक से होते श्री राधा किशन मंदिर पहुंचेगी।

समिति के कालूराम यादव, प्रभादेवी यादव, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार यादव, शिक्षिका नीतू यादव, डॉ हिमांशु यादव, राज नंदनी यादव, राकेश नूतन यादव, नीतेश नैना यादव वन विभाग, नीरज अंकिता यादव, निखिल दीक्षा यादव आदि ने धर्मप्रमी जनता से भागवत कथा में शामिल होकर धर्मलाभ उठाने की आपील की है।

भाजपा कार्यालय में एसआईआर 2025 को लेकर बैठक आयोजित

## जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा बोले- बूथ स्तर पर हर कार्यकर्ता सतर्क रहे, फर्जी मतदाताओं पर लगाम लगाने का यह उपयुक्त समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025 को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ संयोजक एवं पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं।ताकि एक भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और फर्जी नाम सूची में बने न रहें।उन्होंने बताया कि यह अभियान निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो भी नागरिक इस





दिन तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने पोलिंग बूथों पर जाकर फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जुड़वाएँ, फॉर्म-7 से मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान संगठनात्मक सक्रियता और जनसेवा से होती है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि रायसेन जिले की मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष हो। बैठक का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर ने किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री केशव पटेल, जिला महामंत्री, दीपेंद्र पाल, सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ संयोजक और बीएलए सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा के सभी मंडलों में आगामी दिनों में बूथ स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें मतदाता सूची से संबंधित प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## ग्रामों में किया जा रहा सांसद कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सांसद कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायतों में तय कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा हैं। आयोजित प्रतियोगिता में ग्रामों के प्रतिभावान युवा स्कूली खिलाड़ी सहभागिता कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे है।

भाजपा मंडल सिलवानी के अध्यक्ष श्याम साहू ने बताया कि केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र विदिशा में सांसद कप खेल प्रतियोगिता का व आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत भाजपा मंडल सिलवानी के ग्रामों में भी सांसद कप खेल खेल महोत्सव का आयोजन किए जा रहे हैं। चयनित खेल प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़ए चम्मच दौड़ तथा रस्साकसी संपन्न की जा रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह ग्राम में आयोजित सांसद कप प्रतियोगिता कार्यक्रम में आवश्क रुप में सहभगिता करें।

**सांसद खेलकूद प्रतियोगिता**

### आज वर्धा बम्होरी, कीरतपुर, उमरझिर, बटेर तथा नीगरी में आयोजित होगी प्रतियोगिता

कार्यक्रम के तहत सोमवार 10 नवंबर को ग्राम वर्धा बम्होरी, कीरतपुर, उमरझिर, बटेर व नीगरी में प्रतियोगिता आयोजित होगी। जबकि 11 नवंबर को बेगवाकलां, 12 को डुंगरियां कलां, 13 को जुनिया, खमारिया मानपुर, 14 को खमेरा, 17 को डाबरी, सियरमऊ, तिनघरा, आमापानी खुर्द तथा 18 को खमारिया खुर्द में चिन्हित खेल प्रतियोगिता संपन्न की जाएगी, जिसमें खिलाड़ी कला कौशल का प्रदर्शन करगें।